सुविचार

सिर्फ उतना ही विनम्र बनो जितना जरूरी हो, बेवजह की विनम्रता दूसरो के अहम को बढ़ावा देती है।

दैनिक
# पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 16 | पंचकूला। शुक्रवार, 20 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### गूगल पे का इस्तेमाल कर लाखों की ठगी

**चंडीगढ़।** यूटी पुलिस के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने गूगल पे डिटेल्स का इस्तेमाल कर लाखों रुपए की ठगी करने वाले अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 45 गांव बुडैल निवासी 61 वर्षीय रामपाल ने पुलिस को बताया कि उसका बैंक खाता सेक्टर 44 स्थित बैंक में है।इस अकाउंट पर गूगल पे चलाता है। उसका मोबाइल फोन लिंक बैंक से जुड़ा हुआ है।जो कि पीड़ित के गूगल पे से अवैध रूप से ट्रांजेक्शन हुई है। जिसमें कभी 10 हजार, 20 हजार,50 हजार,एक लाख होती रही।कुल मिलाकर 5 लाख रुपए की ठगी हुई।पीड़ित को 8 जनवरी 2026 को को पता चला कि उसके साथ ठगी हो गई। मामले की शिकायत थाना साइबर क्राइम पुलिस को दी गई थी।पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पीजीआई की डॉक्टर का मोबाइल फोन चोरी, केस

**चंडीगढ़।** थाना 11 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत पीजीआई से एक महिला डॉक्टर का मोबाइल फोन चोरी हो गया द्य मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता महिला डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि केरोन ब्लॉक पीजीआई में रहती है। बुधवार को उसकी ड्यूटी पीजीआई स्थित इमरजेंसी में ड्यूटी थी। इसी दौरान उसका अचनक आईफोन 17 चोरी हो गया।जब मामले के बारे में पता चला तो जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगालना शुरू कर दिया है। ताकि की चोरी हुए मोबाइल के बारे में पता चल सके।

## हरियाणा के आगामी बजट से उद्योग जगत की बड़ी उम्मीदें : अरुण ग्रोवर



पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** पंचकूला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के चेयरमैन अरुण ग्रोवर ने हरियाणा के आगामी बजट को लेकर उद्योग जगत की प्रमुख मांगों को सरकार के समक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार उद्योगों की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखकर बजट तैयार करती है, तो हरियाणा देश का सबसे उद्योग-अनुकूल राज्य बन सकता है।

अरुण ग्रोवर ने सबसे महत्वपूर्ण मांग के रूप में औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों में एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो) बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्लॉट, वेयरहाउस, लॉजिस्टिक्स पार्क और वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स के लिए उच्च एफएआर तथा पेड/मिक्स्ड यूज़ एफएआर की अनुमति दी जानी चाहिए। इससे जमीन का बेहतर उपयोग होगा, उद्योगों का विस्तार आसान होगा और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। दूसरी प्रमुख मांग 'व्यवसाय सुगमता' (ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस) को और मजबूत करने की है। उन्होंने सिंगल विंडो प्रणाली के तहत समयबद्ध स्वीकृतियां, स्टांप ड्यूटी व अन्य स्थानीय करों का तार्किकरण तथा एमएसएमई के लिए अनुपालन प्रक्रिया को सरल बनाने की आवश्यकता बताई।

तीसरे बिंदु पर उन्होंने मजबूत औद्योगिक बुनियादी ढांचे पर जोर दिया। विश्वसनीय बिजली आपूर्ति, पर्याप्त जल उपलब्धता, बेहतर सड़क व लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी के साथ-साथ औद्योगिक क्लस्टर, प्लग-एंड-प्ले एस्टेट और कौशल विकास के लिए विशेष बजट प्रावधान की मांग की।

उन्होंने कहा, ÷उच्च एफएआर, कम अनुपालन लागत और मजबूत आधारभूत संरचना हरियाणा को देश का अग्रणी औद्योगिक राज्य बना सकती है।÷

## उपायुक्त ने रात्रि ठहराव में सुनीं समस्याएं अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश

### गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों हेतु योजनाओं की जानकारी के बोर्ड गांव में लगाए जाएं : उपायुक्त

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला/पिंजौर, 19 फरवरी।** उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा ने खंड पिंजौर के गांव खोल फतेह सिंह स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनके समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने कुल 35 समस्याएं सुनीं।

उपायुक्त ने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी सामूहिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को सुनना, निर्धारित समयावधि में उनका समाधान सुनिश्चित करना तथा राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक कर उनका लाभ पहुंचाना है।



उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जिला सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का समाधान करते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में प्राप्त सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों ने डंगे लगाने, कच्चे रास्तों को पक्का करने, वृद्धावस्था सम्मान पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल आपूर्ति तथा वोटर कार्ड बनवाने से संबंधित समस्याएं रखीं। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गांव में घरों के आसपास डंगे लगाने की मांग पर उपायुक्त ने सिंचाई विभाग और पंचायत विभाग के अधिकारियों की एक समिति गठित करने के निर्देश दिए।गांव का एक व्यक्ति भी इस समिति का सदस्य होगा। यह समिति प्राप्त आवेदनों के आधार पर मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर आवश्यकतानुसार डंगे लगाए जाएंगे। ग्रामीणों ने अवगत कराया कि गांव नदी के किनारे स्थित होने के कारण बरसात के दिनों में पानी घरों के सामने एकत्र हो जाता है।

गांव के समीप संचालित स्टोन क्रेशर/वॉशिंग प्लांट से प्रदूषण की शिकायत पर उपायुक्त ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी तथा जिला माइनिंग अधिकारी को समय-समय पर संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अवैध खनन की शिकायत भी रखी। इस पर पुलिस उपायुक्त श्रीमती सृष्टि गुप्ता ने कहा कि अवैध माइनिंग अथवा कानून-व्यवस्था से संबंधित कोई भी सूचना संबंधित चौकी प्रभारी को दी जाए।

### स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश

उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी संबंधी बोर्ड गांव में लगाए जाएं, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी मिल सके। पेयजल व्यवस्था की मांग पर उपायुक्त ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पर्याप्त एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों ने अवगत कराया कि गांव के लिए एक नए ट्यूबवेल की स्वीकृति मिल चुकी है और आगामी दो महीनों में इसे स्थापित कर दिया जाएगा, जिसके बाद पेयजल संबंधी समस्या का समाधान हो जाएगा।

## इधर, नगराधीश ने समाधान शिविर में सुनी जिलावासियों की समस्याएं

- **जिलावासियों से समाधान शिविर में अपनी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाने की अपील**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 19 फरवरी।** नगराधीश जागृति ने गांव मोगीनंद के जयदेव की बारिश के कारण दीवार व गली टूटने, ठीक करने की मांग पर तुरंत कारवाई करते हुए नगर निगम के संबंधित अधिकारी को प्रार्थी को साथ लेकर मौके का मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

सीटीएम ने ओरिया गांव के सुरेंद्र की वन विभाग द्वारा डैम से स्लिट व स्लीप वे ठीक करवाने की मांग पर कारवाई करते हुए संबधित अधिकारी को प्रार्थी को सूचना देकर मौके का मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नगराधीश लघु सचिवालय के सभागार में आज हरियाणा सरकार द्वारा निर्देशित समाधान शिविर में जिलावासियों की समस्याएं सुन रही थी। उन्होने 12 जिलावासियों की अलग-अलग समस्याएं सुनी कुछ का मौके पर ही निवारण किया बाकि समस्याओं का संबंधित अधिकारी को प्राथमिकता के आधार पर निदान करने के निर्देश दिए।

नगराधीश ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आई शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर बिना विलम्ब किए समाधान करें ताकि जिलावासियों को समय पर सुविधाओं व योजनाओं का लाभ मिल सके व उनकी समस्याओं का समाधान हो सके।

नगराधीश ने बताया कि समाधान शिविर लोगों की समस्याओं का समाधान करने का एक सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की मंशा है कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग अलग कार्यालयों में न जाना पडे। इसी सोच के अनुरूप मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार हर कार्यदिवस के दिन सोमवार व वीरवार को प्रात 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है जंहा सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं।

## छात्रों ने नेचर कैंप थापली मे प्रकृति के साथ बिताए दो दिन

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 19 फरवरी।** हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने नेचर कैंप थापली में दो दिवसीय शैक्षणिक एवं साहसिक भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा इको-टूरिज्म के महत्व के बारे में व्याख्यान प्रदान किया गया तथा दूसरे दिन ट्रैकिंग गतिविधि आयोजित की गई।

युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेचर कैंप थापली में आयोजित ट्रैकिंग कार्यक्रम में हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस प्रकार



के कार्यक्रम युवाओं में पर्यावरण जागरूकता, साहसिक भावना तथा नेतृत्व कौशल का विकास करते हैं।

इस अवसर पर डिप्टी रेंज अधिकारी विजय नेहरा ने विद्यार्थियों को इको-टूरिज्म के विभिन्न आयामों से अवगत कराया तथा सुरक्षित ट्रैकिंग के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जिम्मेदार पर्यटन के महत्व पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने इस अनुभव को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया तथा हरियाणा सरकार के इस प्रयास की सराहना की। युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस दो दिवसीय विशेष भ्रमण कार्यक्रम के साथ-साथ हरियाणा सरकार द्वारा एक 7 दिवसीय विशेष ट्रैकिंग कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों का एक दल 153 किलोमीटर की ट्रैकिंग पूरी करेगा।

जिसमें आज छात्रों ने ट्रैकिंग के तीसरे दिन मोरनी से समलौठा देवी मंदिर तक की 20 किलोमीटर ट्रैकिंग पूरी की ,153 किलोमीटर की 7 दिवसीय ट्रैकिंग कालका से प्रारंभ होकर कलेसर (यमुनानगर) में सम्पन्न होगी। इस साहसिक अभियान का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक सुदृढ़ता, आत्मविश्वास और टीम भावना को प्रोत्साहित करना है। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर की छात्राएं भी आज से नेचर कैंप थापली में आयोजित दो दिवसीय विशेष नेचर कैंप में करेंगें भागीदारी । इस दौरान छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता तथा साहसिक गतिविधियों के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह पहल युवतियों में आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## शहर में सफाई कर्मचारियों को नियम तोड़ने वालों की पहचान और चालान जारी करने के मिले सख्त निर्देश

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 19 फरवरी।** स्वच्छता और नागरिक अनुशासन बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, आयुक्त श्री विनय कुमार के नेतृत्व में नगर निगम पंचकूला ने शहर में कूड़ा-कचरा फैलाने तथा अनधिकृत रूप से कचरा डंप करने के मामलों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया है। निगम ने अपने सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नियमों का उल्लंघन करने वालों की पहचान करें और कचरा फैलाने या अवैध रूप से कचरा फेंकने में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थानों के विरुद्ध चालान जारी करें।

- **चालान का उद्देश्य रोकथाम और जिम्मेदार नागरिक व्यवहार को बढ़ावा देना है : आयुक्त विनय कुमार**

यह पहल पंचकूला के सभी सेक्टरों में निरंतर स्वच्छता मानकों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। आयुक्त ने फील्ड अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने तथा नगर निगम अधिनियम एवं संबंधित स्वच्छता उपविधियों के अनुसार नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध त्वरित दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि निगम घर-घर कचरा संग्रहण सेवाओं और जन-जागरूकता अभियानों को सुदृढ़ कर रहा है, फिर भी यह देखा गया है कि अनधिकृत स्थानों पर लापरवाहीपूर्वक कचरा फेंकने की प्रवृत्ति सामूहिक प्रयासों को कमजोर करती है तथा जनस्वास्थ्य और स्वच्छता पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। चालान जारी करने का उद्देश्य केवल जुरमाना लगाना नहीं, बल्कि इसे एक निवारक उपाय के रूप में अपनाते हुए जिम्मेदार नागरिक व्यवहार को प्रोत्साहित करना भी है।

विनय कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छता बनाए रखना प्रशासन और नागरिकों दोनों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों, दुकानदारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की कि वे निर्धारित कचरा निपटान नियमों का पालन करें और सफाई टीमों के साथ पूर्ण सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि नगर निगम पंचकूला, एक स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक सतत शहरी वातावरण बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जन-जागरूकता, सेवाओं तक आसान पहुँच और सख्त नियमों के संतुलित समन्वय के माध्यम से, निगम का उद्देश्य स्वच्छता मानकों को और मजबूत करना है। उन्होंने आगे बताया कि सभी फील्ड स्टाफ़ को सतर्कता ब?ाने और सफाई नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विशेष ध्यान उन क्षेत्रों पर दिया जा रहा है जो अक्सर प्रभावित होते हैं, जैसे बाज़ार, खाली प्लॉट और सड़क किनारे के हिस्से, जहाँ अनधिकृत रूप से कचरा फेंकने की घटनाएँ सामने आई हैं।



## 7 बाल मजदूरों को किया सुरक्षित

**पंचकूला।** डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज द्वारा जिला में बाल संरक्षण एवं पुनर्वास जागरूकता अभियान के दौरान शहर में 7 बाल मजदूरों को बचाया गया। डीएलएसए के सचिव एवं सीजीएम अजय कुमार घनघस ने जिले में भीख मांगने और बाल मजदूरी की समस्या को दूर करने के लिए पैन इंडिया रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन कैंपेन प्रोग्राम बाल मजदूरी को खत्म करने की दिशा में एक कदम, के तहत एक खास जागरूकता कैंपेन चलाने का फैसला किया है। यह कैंपेन डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट, लेबर डिपार्टमेंट, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट पंचकूला, स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, फूड एंड सिविल सप्लाई ऑफिस पंचकूला, बचपन बचाओ आंदोलन पंचकूला के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर और डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स पंचकूला के साथ मिलकर चलाया जाएगा।

अजय घनघस ने राहुल देसवाल सुपरिटेंडेंट और टीम के दूसरे मेंबर की अगुवाई वाली टीम की सराहना की, जिन्होंने हाल ही में बरवाला से बाल मज़दूरी के सिलसिले में सात बच्चों को बचाया था।

**उपचार**

### एनआईए में फरवरी माह में अब तक 500 से ज्यादा रोगी फिजोथैरेपी का उठा चुके हैं लाभ

## स्पोर्ट्स इंजरी और कंप्यूटर के अतिप्रयोग से बढ़ रही जकड़न में फिजियोथैरेपी असरदार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 19 फरवरी।** बदलती जीवनशैली, लंबे समय तक कंप्यूटर पर काम करने, मोबाइल के अतिप्रयोग और स्पोर्ट्स जनित जक?न, गर्दन और कंधों में दर्द से राहत दिलाने में फिजियोथैरेपी असरदार साबित हो रही है।

भागदौड़ भरी जिंदगी में लैपटॉप और मोबाइल पर काम का प्रचलन लगातार ब? रहा है। इसके अतिप्रयोग से टेक्स्ट नेक सिंड्रोम और सरवाईकल दर्द के मामलों में ब?ोतरी हो रही है। खासकर युवा वर्ग में गर्दन की अकड़न, कंधे में जकड़न और पीठ दर्द की समस्या आम बन चुकी है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला का फिजियोथैरेपी सेंटर पंचकर्म चिकित्सा तालमेल के साथ गठिया, पैरालिसिस और जोड़ों के दर्द में प्रतिरोधी साबित हो रहा है।



आयुष मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) संजीव शर्मा और डीन प्रोफेसर गुलाब पमनानी के मार्गदर्शन में संस्थान के फिजियोथैरेपी सेंटर में हर रोज 50 से ज्यादा रोगी उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। फरवरी माह में अब तक 400 रोगी शरीर की दर्द समस्या का इलाज करवा चुके हैं। जबकि जनवरी माह में यह आंक?ा 600 से ज्यादा रहा। वर्ष 2025 में 8700 लोगों को स्पोर्ट्स इंजरी, गर्दन की अक?न, घुटने, कंधे और जो?ों के दर्द सहित पैरालिसिस में राहत मिली है।

फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. शैफाली का कहना है कि स्ट्रेचिंग, मैनुअल थैरेपी और इलेक्ट्रोथैरेपी जैसी तकनीकों के माध्यम से रोगी का इलाज किया जाता है, जिससे उनकी मांसपेशियों में रक्त प्रवाह बढ़ता है, सूजन कम होती है और दर्द से राहत मिलती है।

**इंफ्रारेड थैरेपी हो रही है प्रभावी साबित :** एनआईए के फिजियोथैरेपी सेंटर में अत्याधुनिक उपकरण इंफ्रारेड रेडिएशन थैरेपी (आईआरआर) के जरिये इलाज किया जाता है। इन्फ्रारेड हीट थैरेपी गर्माहट देने वाली उपचार पद्धति है, जिससे इससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, मांसपेशियों की जकड़न कम होती है और दर्द में राहत मिलती है। वहीं, आइस थैरेपी मांसपेशियों में खिंचाव, मोच और घुटने और पैरों की मांसपेशियों की सूजन में राहत दिलाने में कारगर है।

### आईएफटी थैरेपी गर्दन दर्द और सायटिका में असरदार

फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. शैफाली ने बताया कि फिजियोथैरेपी सेंटर में सबसे ज्यादा रोगी सरवाईकल, कंधों, घुटनों, जो?ों, कमर दर्द और मांसपेशियों में खिंचाव के आते हैं। इन रोगियों का मैनुअल थैरपी, जिसमें एक्सरसाइज के जरिये इलाज किया जाता है। वरिष्ठ नागरिकों में घुटनों, जो?ों और कमर दर्द की सबसे ज्यादा समस्या है, जबकि युवा वर्ग में कंधे और गर्दन की जक?न ब? रही है। आईएफटी थैरेपी गर्दन दर्द और सायटिका में असरदार साबित हो रही है।

व्यापारियों की सुरक्षा और व्यापार करने में आसानी के प्रति भगवंत मान सरकार की ऐतिहासिक प्रतिबद्धता

# पंजाब में व्यापारी बिना डर के अपना व्यापार कर सकते हैं : हरपाल चीमा

**■ पंजाब सरकार ने सुरक्षित व्यापारिक माहौल सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और व्यापारियों के तालमेल को मजबूत किया**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** व्यापारियों के विश्वास को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर तालमेल को संस्थागत बनाने के लिए एक निर्णायक कदम उठाते हुए, भगवंत मान सरकार ने पंजाब के व्यापारिक समुदाय के आसपास सुरक्षा घेरा सख्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन (पी.एस.टी.सी.), जिला और हलका स्तर की व्यापारिक कमेटियों तथा पुलिस प्रशासन के बीच संरचनात्मक और पूर्ण तालमेल के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि व्यापारियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता और यह राज्य के 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' (व्यापार करने को आसान बनाना) का मुख्य हिस्सा है।

पंजाब स्टेट ट्रेडर्स कमीशन के चेयरमैन के रूप में डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डी.जी.पी.) गौरव यादव और आबकारी एवं कर आयुक्त जतिंदर जोरवाल के साथ पंजाब भवन से उच्च स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने व्यापारी वर्ग की सुरक्षा संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की सख्त हिदायतें जारी कीं। उन्होंने पुलिस प्रशासन और व्यापारी कमीशन तथा कमेटियों के सदस्यों को आपसी तालमेल मजबूत करने के निर्देश दिए, और जिला पुलिस प्रशासन को हिदायत की कि वे इस तहत की जाने वाली कार्रवाइयों की रिपोर्टें सीधे डी.जी.पी. कार्यालय के साथ लगातार साझा करें। आबकारी एवं कर मंत्री ने कहा, 'सरकार का मकसद ट्रेडर्स कमीशन को अधिकृत करना और इसे राज्य भर के कारोबारियों तक पुलिस की पहुंच को महत्वपूर्ण ढंग से बेहतर बनाने के लिए एक मुख्य ताकत के रूप में इस्तेमाल करने का है।'

इस संबंध में जमीनी स्तर पर निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने समूह जिला पुलिस बलों को व्यापारी कमीशन और कमेटी सदस्यों के साथ निरंतर बातचीत जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आदेश दिया कि हलका और जिला स्तर पर व्यापारी कमीशन और कमेटी की सभी बैठकों में सक्षम पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि पेश चुनौतियों को मौके पर ही हल किया जा सके। वित्त मंत्री ने कहा, 'ट्रेडर्स कमीशन एवं कमेटियों के सदस्यों या व्यक्तिगत व्यापारियों द्वारा साझा की



गई किसी भी जानकारी को पूरी तरह गोपनीय रखा जाना चाहिए। संबंधित पुलिस अधिकारी सूचना देने वालों की सुरक्षा के लिए पूरी जिम्मेदारी लेंगे, और इस ड्यूटी में किसी भी तरह की लापरवाही के परिणामस्वरूप सख्त जवाबदेही तय की जाएगी।' वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने जिला और हलका स्तर की व्यापारी कमेटियों के पदाधिकारियों से भी अपील की कि वे कारोबारियों में विश्वास पैदा करें और उन्हें भरोसा दिलाएं कि सरकार उनके घर-दहलीज तक सक्रिय पहुंच बनाने के लिए काम कर रही है ताकि वे बिना किसी डर या झिझक के अपनी समस्याएं साझा कर सकें।

इन्हीं विचारों को दोहराते हुए, डी.जी.पी. गौरव यादव ने ट्रेडर्स कमीशन और कमेटियों के सदस्यों से राज्य की पुलिस और व्यापारी वर्ग के बीच एक महत्वपूर्ण पुल के रूप में काम करने की अपील की। उन्होंने कहा, ÷जमीनी स्तर पर अधिकारियों में व्यापारियों का विश्वास ब?ाने के लिए आपको पुलिस बल की आंखें और कान बनकर सेवा करनी चाहिए, जिससे समग्र सुरक्षा मजबूत होगी। पुलिस एक बहुत ही प्रभावशाली मिआरी प्रोटोकॉल (स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल) के तहत काम करती है, और समय पर कार्रवाई योग्य जानकारी प्राप्त होने पर मामलों को हल करने की सफलता दर बहुत अधिक होती है।पंजाब के डी.जी.पी. ने समूह जिला पुलिस प्रमुखों को ट्रेडर्स कमीशन और कमेटियों के सदस्यों के साथ निरंतर और सक्रिय संचार बनाए रखने तथा फीडबैक व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, ÷ट्रेडर्स कमीशन या कमेटियों के सदस्यों द्वारा प्रदान की गई किसी भी गोपनीय जानकारी को पूरी तरह गोपनीय रखना बेहद जरूरी है।÷ उन्होंने इस मौके पर कमीशन और कमेटियों के सदस्यों तथा अन्य व्यापारिक समुदाय से भी अफवाहों का शिकार होने या फैलाने से बचने की अपील की।

## श्री गुरु रविदास जी महाराज का 650वां प्रकाश पर्व पूरे पंजाब में बड़े स्तर पर मनाया जाएगा : हरपाल

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने करतारपुर रोड पर स्थित गांव नौगज्जा और फरीदपुर में 10.50 एकड़ भूमि का कब्जा लेकर 'श्री गुरु रविदास बाणी अध्ययन केंद्र' की स्थापना की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि यह कदम गुरु रविदास जी की विरासत के सम्मान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कब्जा लेने की पूरी प्रक्रिया वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, विधायक बलकार सिंह, पंजाब कृषि विकास बैंक के चेयरमैन पवन टीनू, डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल और डेरा सच्चखंड बल्लां के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पूरी की गई।

इस मौके पर बोलते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, यह बहुत खुशी की बात है कि पंजाब सरकार ने अत्याधुनिक श्री गुरु रविदास बाणी अध्ययन केंद्र के निर्माण के लिए 10.50 एकड़ भूमि



का कब्जा हासिल कर लिया है। इस भूमि का उपयोग अब गुरु रविदास जी की शिक्षाओं को समर्पित एक विश्व स्तरीय संस्था बनाने के लिए किया जाएगा।卐

उन्होंने आगे घोषणा की, पंजाब सरकार इस जगह से हाई-टेंशन बिजली की तारों को शिफ्ट करने के लिए 55 लाख रुपये का खर्च वहन करेगी ताकि निर्माण कार्य बिना किसी देरी के सुचारू रूप से चल सके। वित्त मंत्री ने बताया, भूमि की रजिस्ट्री पहले ही हो चुकी है और अब कब्जा मिलने से यह प्रोजेक्ट लागू होने के महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर गया है। इस केंद्र का डिजाइन और लेआउट प्लान डेरा सच्चखंड बल्लां के प्रतिनिधियों की सलाह से विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया जा रहा है। जल्द ही टेंडर निकाले जाएंगे ताकि निर्माण कार्य तुरंत शुरू हो सके। भगवंत मान सरकार के संकल्प को दोहराते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, श्री गुरु रविदास बाणी अध्ययन केंद्र दुनिया भर में गुरु रविदास जी की शिक्षाओं के प्रसार और उनके संदेश को फैलाने वाले विद्वानों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पंजाब सरकार गुरु जी की आध्यात्मिक और सामाजिक विरासत को संरक्षित करने और प्रचार करने के लिए दृढ़ है। उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व संबंधी साल भर चलने वाले कार्यक्रमों की घोषणा पहले ही की जा चुकी है।

## ओटीएस योजना का लाभ लें व्यापारी, वरना होगी सख्त नीलामी कार्रवाई

पंजाब के वित्त, आबकारी और कर मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां कहा कि भगवंत मान सरकार व्यापार की सुविधा और सख्त टैक्स अनुपालन (टैक्स नियमों की पालना) के बीच मजबूती से संतुलन बनाए रख रही है, जिसके चलते पंजाब कर विभाग ने जी.एस.टी. व्यवस्था से पहले के कर बकायों की वसूली के लिए एक बड़ी मुहिम के तहत 91.10 करोड़ रुपये की 136 संपत्तियां अटैच की हैं। उन्होंने कहा कि जहां सरकार ने व्यापारियों को पुराने बकाये चुकाने में मदद करने के लिए एक बहुत ही लाभदायक एकमुश्त निपटान योजना की अवधि बढ़ाई है, वहीं लगातार डिफॉल्टर रहने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जा रही है।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, पंजाब सरकार परेशानी-रहित और अनुकूल व्यापारिक माहौल सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी कारण हमने एकमुश्त निपटान योजना की अवधि बढ़ाई है, जो व्यापारियों को जी.एस.टी. व्यवस्था से पहले के उनके बकायों का सुगम माहौल में निपटान करने के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है।

आबकारी और कर मंत्री ने आगे कहा, हालांकि, जानबूझकर की गई कर चोरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 91 करोड़ रुपये से अधिक की 136 संपत्तियों को अटैच करना एक स्पष्ट संदेश देता है कि कर विभाग बड़े डिफॉल्टरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। मैं सभी संबंधित व्यापारियों से जोरदार अपील करता हूं कि वे अपने बकाये का निपटान करें और अपनी संपत्तियों को आगामी नीलामी से बचाने के लिए एकमुश्त निपटान योजना का तुरंत लाभ उठाएं। 18 फरवरी, 2026 तक बकायों के विवरण के बारे में आधिकारिक आंकड़े साझा करते हुए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया, विभाग ने विभिन्न अधिकार क्षेत्रों में कुल 136 संपत्तियां अटैच की हैं जिनकी कीमत 91.10 करोड़ रुपये है। इसमें प्राथमिक जिलों में स्थित 50.58 करोड़ रुपये की 78 संपत्तियां, और अन्य जिलों, राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित 40.52 करोड़ रुपये की अन्य 58 संपत्तियां शामिल हैं। इसके अलावा, कुछ संपत्तियों की पहले ही नीलामी की जा चुकी है, जिसके परिणामस्वरूप 15.27 करोड़ रुपये की वसूली हुई है। उन्होंने आगे बताया, मुख्य कार्यालय ने 33.77 करोड़ रुपये की 35 संपत्तियों को बेचने की पहले ही अनुमति दे दी है। इन मंजूरशुदा मामलों में से, 13.68 करोड़ रुपये की 21 संपत्तियों की नीलामी की अंतिम तिथियां तय कर दी गई हैं। जिला अधिकारियों द्वारा भी अपने स्तर पर 16.42 करोड़ रुपये की अन्य 15 संपत्तियों की नीलामी की कार्रवाई शुरू की गई है।

## एलएमएचपी फैलोज बनेंगे नशा मुक्ति अभियान की 'आस की किरण': डा. बलबीर



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब के सेहत मंत्री डा. बलबीर सिंह ने पंजाब भर में मानसिक सेहत और नशा छुड़ाओ मुहिम को ओर मजबूत करने के लिए एक अहम पहलकदमी के अंतर्गत लीडरशिप इन मैंटल हैल्थ प्रोगराम (एल.एम.एच.पी.) फैलोज के पहले बैंच के साथ मुलाकात की, जोकि राज्य में चल रही नशा विरोधी मुहिम ' युद्ध नशियां विरुद्ध' के द्वारा नशे को रोकने और मानसिक तंदरुस्ती बढ़ाने के लिए सरकार की वचनबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यहां किसान भवन में हुई विचार चर्चा दौरान डा. बलबीर सिंह ने एल.एम.एच.पी. फैलोज को नशे विरुद्ध पंजाब की निर्णायक जंग में ' लाईटहाऊस ' बताया। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि नशे के साथ जूझ रहा व्यक्ति '' समुद्र में तूफान की लपेट में आए जहाज जैसा होता है - अशांत और दिशाहीण।' ' उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह एक लाईटहाऊस जहाजों को सुरक्षित ढंग के साथ किनारे पर पहुंचा देता है, उसी तरह एल.एम.एच.पी. फैलोज भी नशा पीडितों और परिवारों को मुख्य धारा और स्थिरता की तरफ ले जाएंगे।

सेहत मंत्री ने जोर दे कर कहा कि फैलोज को सौंपी गई जिम्मेदारी अहम और परिवर्तनशील है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा धैर्य और हमदर्दी की मांग करती है, लोगों को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालना किसी इनाम से कम नहीं।

**फाजिल्का में कृषि-प्रसंस्करण को बढ़ावा, मिर्च, सिट्रस और हाई-टेक नर्सरी परियोजनाओं का उद्घाटन**

## किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में कदम, प्रसंस्करण क्षमता बढ़ेंगी: गुरमीत सिंह

पंचकूला ऑब्जर्वर

चंडीगढ़। पंजाब के कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने कृषि-प्रसंस्करण क्षेत्र को और मजबूत करने तथा फसली विविधता को प्रोत्साहित करने के लिए फाजिल्का जिले में स्थापित तीन प्रसंस्करण यूनिटों में व्यापक विस्तार किया है।

पंजाब के कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने फाजिल्का जिले के गांव आलमगढ़ में पंजाब एग्री एक्सपोर्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पी.ए.जी.आर.ई. एक्स.सी.ओ.) द्वारा स्थापित तीन महत्वपूर्ण विस्तारित यूनिटों का उद्घाटन किया। इन यूनिटों में मिर्च प्रसंस्करण यूनिट, सिट्रस प्रसंस्करण यूनिट और हाई-टेक प्रोटेक्टेड कल्टिवेशन नर्सरी शामिल हैं। पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि ये यूनिटें न केवल किसानों की आय में वृद्धि करेंगी, बल्कि पंजाब को उच्च-मूल्य वाले



प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में भी स्थापित करेंगी।

इस क्षेत्र के मिर्च उत्पादकों की सुविधाओं में वृद्धि करते हुए श्री खुड्डियां ने बताया कि पी.ए.जी.आर.ई. एक्स.सी.ओ. द्वारा आलमगढ़ में अपने मौजूदा फल एवं सब्जी प्रसंस्करण संयंत्र में एक नई अत्याधुनिक मिर्च प्रसंस्करण इकाई स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि 3 मीट्रिक टन प्रति घंटा की विस्तृत क्षमता के साथ, यह यूनिट कुल मिर्च प्रसंस्करण क्षमता को 1 मीट्रिक टन प्रति घंटा से ब?ाकर 4 मीट्रिक टन प्रति घंटा कर देगी।

मंत्री ने कहा कि इस यूनिट में लाल और हरी मिर्च दोनों को विशेष रूप से निर्यात के लिए उच्च-गुणवत्ता वाले फर्मेंटेड और अनफर्मेंटेड मिर्च पेस्ट में प्रसंस्कृत किया जाएगा। यह पहल ताजा उत्पादों के लिए एक समर्पित खरीद चैनल प्रदान करेगी, जिससे स्थानीय किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और मिर्चों को धूप में सुखाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने आगे कहा कि हर सीजन में लगभग 6,500 मीट्रिक टन मिर्चों की प्रसंस्करण करके, यह यूनिट बेहतर कीमत सुनिश्चित करेगी और कटाई के बाद के नुकसान में भारी कमी लाएगी। पंजाब के प्रसिद्ध किन्नू उत्पादन से अधिकतम लाभ उठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पी.ए.जी.आर.ई.एक्स.सी.ओ. द्वारा अपनी सिट्रस प्रसंस्करण यूनिट में ब?ा तकनीकी अपग्रेड किया गया है। इस अपग्रेडेशन के तहत उन्नत मशीनरी शामिल की गई है, जिसमें एक डीएसिडिफिकेशन यूनिट, एक विशेष सिट्रस पील ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट और एक डीबिटरिंग यूनिट शामिल है।

श्री खुड्डियां ने बताया कि इस अपग्रेडेशन से किन्नू के जूस में लिमोनिन जैसे प्राकृतिक मिश्रणों के कारण होने वाली देरी से कड़वाहट की समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा, 'कड़वाहट को हटाकर और एसिडिटी को नियंत्रित करके, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि पंजाब का सिट्रस वैश्विक फ्लेवर मानकों पर खरा उतरे।' उन्होंने आगे कहा कि पील ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट उस उपकरण को बदल देगी जो पहले अवशेषों को उच्च-मूल्य वाले उत्पाद डी-लिमोनिन से भरपूर आवश्यक तेल में प्रसंस्कृत कर रही थी, जिसकी फूड फ्लेवर, कॉस्मेटिक और फार्मास्यूटिकल उद्योगों में भारी मांग है।

## वन मंत्री ने लॉन्च किए चिड़ियाघर के सोशल मीडिया अकाउंट, गोल्डन जुबली समारोह की तैयारी



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** छत्तबीर चिड़ियाघर में आयोजित एक समारोह के दौरान वन एवं वन्यजीव संरक्षण मंत्री लाल चंद कटारूचक ने बाघिन गौरी से जन्मे तीन मादा शावकों का नामकरण किया। इनका नाम गरिमा, गुंजन और ग़ज़ल रखा गया। उल्लेखनीय है कि तीनों शावकों का जन्म 5 नवंबर को हुआ था और तीन माह की आयु पूरी करने के बाद इन्हें बड़े बाड़े में छोड़ा जाएगा। इनमें से दो शावक सफेद रंग के हैं जबकि एक भूरा है। इनके शामिल होने से चिड़ियाघर में बाघों की कुल संख्या 10 हो गई है। इस अवसर पर मंत्री ने वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से छत्तबीर चिड़ियाघर के आधिकारिक फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट भी लॉन्च किए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक वन्यजीवों की देखभाल और संरक्षण संबंधी संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा। मंत्री ने बताया कि आगामी अप्रैल में चिड़ियाघर की स्थापना के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं और इस स्वर्ण जयंती अवसर को भव्य रूप से मनाने पर विभाग विचार कर रहा है। समारोह में मुख्य वन्यजीव वार्डन बसंता राज कुमार और फील्ड डायरेक्टर नलिन यादव भी उपस्थित रहे।

## 50 हजार से अधिक तस्कर गिरफ्तार : डीजीपी गौरव यादव

**'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़/जालंधर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चलाए जा रहे 'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान को और मजबूत करते हुए पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने जालंधर पुलिस लाइंस में अति-आधुनिक एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) रेंज कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर विशेष डीजीपी कुलदीप सिंह, एडीजीपी नीलाभ किशोर और अन्य



वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

करीब 1.60 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित और लगभग 9000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैली इस आधुनिक इमारत में जांच अधिकारियों के लिए केबिन, गजटेड अधिकारियों के कार्यालय, रीडर कक्ष और अत्याधुनिक कॉन्फ्रेंस रूम की व्यवस्था की गई है। डीजीपी ने बताया कि यह यूनिट मोबाइल व कंप्यूटर फोरेंसिक टूल, उन्नत डेटा विश्लेषण प्रणाली, फोरेंसिक डेटा एक्सट्रैक्शन, डिक्रिप्शन क्षमता और क्रिप्टोकरेंसी ट्रैकिंग उपकरणों से लैस है। प्रशिक्षित तकनीकी स्टाफ भी तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि 1 मार्च 2025 से अब तक 35,133 एफआईआर दर्ज कर 50,238 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 2229 किलो हेरोइन, 667 किलो अफीम, 28 टन भुक्की, समेत 16.68 करोड़ की ड्रग मनी बरामद की है।

## फसली विविधता के लिए कृषि-प्रसंस्करण यूनिटों का विस्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 19 फरवरी।** पंजाब के कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने गुरुवार को फाजिल्का जिले के गांव आलमग? में पंजाब एग्री एक्सपोर्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पी.ए.जी.आर.ई.एक्स.सी.ओ.) द्वारा स्थापित तीन महत्वपूर्ण विस्तारित यूनिटों का उद्घाटन किया।

इन यूनिटों में मिर्च प्रसंस्करण यूनिट, सिट्रस प्रसंस्करण यूनिट और हाई-टेक प्रोटेक्टेड कल्टिवेशन नर्सरी शामिल हैं। खुड्डियां ने कहा कि ये यूनिटें न केवल किसानों की आय में वृद्धि करेंगी, बल्कि पंजाब को उच्च-मूल्य वाले प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में भी स्थापित करेंगी। उन्होने बताया कि पीएजीआरईएक्ससीओ द्वारा आलमग? में अपने मौजूदा फल एवं सब्जी प्रसंस्करण संयंत्र में एक नयी अत्याधुनिक मिर्च प्रसंस्करण इकाई स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि तीन टन प्रति घंटा की विस्तृत क्षमता के साथ, यह यूनिट कुल मिर्च प्रसंस्करण क्षमता को एक टन प्रति घंटा से ब?ाकर चार टन प्रति घंटा कर देगी। मंत्री ने कहा कि इस यूनिट में लाल और हरी मिर्च दोनों को विशेष रूप से निर्यात के लिए उच्च-गुणवत्ता वाले फर्मेंटेड और अनफर्मेंटेड मिर्च पेस्ट में प्रसंस्कृत किया जाएगा।

## पार्किंग को लेकर विवाद के बाद तेजधार हथियार से हमला, पिता-पुत्र पर केस दर्ज

पंचकूला ऑब्जर्वर

**जीरकपुर।** गाजीपुर रोड स्थित विश्राती सिटी में पार्किंग को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। थाना जीरकपुर पुलिस ने शिकायत के आधार पर राकेश कुमार और उसके पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता राजन नाथ निवासी विश्राती सिटी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनके पड़ोसी राकेश के मकान की पहली मंजिल किराए पर है और बाथरूम का पानी गली में गिरता है, जिसको लेकर पहले भी कहासुनी हो चुकी है। आरोप है कि 16 फरवरी 2026 की शाम करीब 6ः50 बजे उनकी कार घर के बाहर खड़ी होने को लेकर राकेश और उसके पिता गली में आए और गाड़ी हटाने को कहा। मना करने पर दोनों ने कथित तौर पर मारपीट शुरू कर दी। राजन नाथ के अनुसार, राकेश के पिता ने उनकी मां को धक्का देकर गिरा दिया। बीच-बचाव करने पर पिता-पुत्र ने उनकी पिटाई की। आरोप है कि राकेश ने किसी तेजधार चीज से उनकी बाजू, कंधे और पीठ पर वार किया और गला दबाने की कोशिश की। शोर सुनकर मोहल्लेवासी मौके पर पहुंचे और उन्हें छुड़वाया। जाते समय आरोपियों ने डंडे से कार का पिछला शीशा तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। घायल को सिविल अस्पताल ढकोली में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एसजीपीसी की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालों को नजरअंदाज नहीं कर सकते : संधवा

**■ अगर पंथ का नुकसान होता है, तो पंजाब का नुकसान होता है, सरबत खालसा की भावना के तहत अब एकजुट होकर आवाज बुलंद करने का समय है**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवा ने गुरुवार को सिख संगत को पंथक मर्यादा की रक्षा के लिए एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही समय की मुख्य ज़रूरत है। सिख संस्थाओं के प्रबंधकों को लेकर बढ़ रही चिंताओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब सामूहिक आत्मनिरीक्षण और सुधारात्मक कार्रवाई का समय आ गया है।

पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा ने कहा कि मैं संगत और पंथक क्षेत्रों से अपील करता हूं कि वे पंथक मर्यादा की रक्षा के लिए इक्ट्ठे हों। एसजीपीसी में पारदर्शिता और जवाबदेही आज की सबसे बड़ी ज़रूरत है।

एसजीपीसी की कार्यप्रणाली बारे बात करते हुए कुलतार सिंह संधवा ने कहा कि हालांकि एसजीपीसी गुरुद्वारा साहिबों के प्रबंधकों के लिए एक बहुत ही ज़िम्मेदार और



सम्मानित संस्था है, लेकिन पिछले कुछ दशकों से की कार्यप्रणाली पर बार-बार सवाल उठाए जाते रहे हैं।

संधवा ने आगे कहा कि पंथक जागरूक आवाज़ें समय-समय पर चिंताएं प्रकट करती रही हैं। ज्ञानी रघबीर सिंह जी द्वारा हालिया खुलासों और भाई साहिब भाई रणजीत सिंह जी द्वारा पहले उठाए गए मुद्दों ने एक बार फिर गंभीर मामलों को सामने ला दिया है। खास मुद्दों पर सवाल उठाते हुए कुलतार सिंह संधवा ने कहा कि गुरुद्वारे की ज़मीनों, गुरु दी गोलक और पूरे इंतज़ाम से जुड़े मामलों में गड़बड़ियां देखी गई हैं, लेकिन कमियों को ठीक करने के बजाय, आवाज़ उठाने वालों पर ही कार्रवाई की गई।

सच बोलने वालों को चुप कराने के लिए ट्रांसफर, नौकरी से निकालना और केस तक किए गए, जबकि सच सामने लाने वाले को ही गुनहगार साबित करने की कोशिश की गई। स्पीकर ने कहा कि इन खुलासों के बाद एसजीपीसी पर काबिज एक खास परिवार की भूमिका पर तीखे सवाल उठे हैं। अपने ही संस्थान, गोलक और पंथ का राजनीतिक फायदे के लिए गलत इस्तेमाल करना बिल्कुल मंजूर नहीं है।

## फ्लैट की पार्किंग से बाइक चोरी पुलिस ने किया मामला दर्ज

पंचकूला ऑब्जर्वर

**जीरकपुर।** पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर फ्लैट की पार्किंग से उसकी मोटरसाइकिल चोरी होने के मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी अपनी शिकायत में कशिश सूद निवासी गांव राजपुरा पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश ने बताया कि वह चंडीगढ़ में प्राइवेट नौकरी करता है और इस समय फ्लैट नंबर 8, टावर ए-3, माया गार्डन सिटी, नगला रोड ज़ीरकपुर स्थित अपने मामा के फ्लैट में रह रहा है। नौकरी से वापस आने के बाद वह रोजाना अपनी मोटरसाइकिल फ्लैट की पार्किंग में खड़ी करता था।

बीती 1 फरवरी को भी ड्यूटी से लौटकर शाम करीब 6 बजे उसने अपनी मोटरसाइकिल फ्लैट की पार्किंग में खड़ी की थी। अगले दिन सुबह करीब साढ़े 9 बजे जब उसने देखा तो मोटरसाइकिल पार्किंग में नहीं थी। उसने अपने स्तर पर मोटरसाइकिल की हर जगह तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसके बाद उसने थाने में मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में नर्सिंग ऑफिसर ने खोला मोर्चा

- मुख्यमंत्री से मिलकर पॉलिसी वापस लेने की रखी मांग
- प्रदेशभर में विधायकों, मंत्रियों को मांग पत्र सौंपेंगी नर्सिंग एसोसिएशन



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 19 फरवरी।** हरियाणा सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग में लागू की गई ऑनलाइन तबादला पॉलिसी का विरोध शुरू हो गया है। नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले प्रदेश भर की नर्सिंग ऑफिसर गुरुवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से मुलाकात करने पहुंची और इस पॉलिसी को रद्द करने की मांग पर मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया।

एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष विनीता बांगड़, प्रवीन छिक्कारा, सुशीला, कविता गुलिया, सुदेश हुड्डा, सुमन, पूनम सराय, पूनम,कमलेश, सुमन पुनिया, प्रतिभा, नवीन कुमार, दिनेश यादव ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद बताया कि नर्सिंग कैडर में 95 प्रतिशत महिलाएं ही हैं।

यह नीति नर्सिंग विभाग के कर्मचारियों पर लागू की जाती है, तो इससे कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवारों को भी कठिनाई होगी। नर्सिंग कैडर में कार्यरत अधिकांश कर्मचारी महिला कर्मचारी हैं। उन्हें अपने परिवार के सदस्यों की देखभाल करनी होती है। अनेक महिला कर्मचारियों के परिवार वहीं बसे हुए हैं, जहां उनकी वर्तमान में तैनाती है। स्थानांतरण की स्थिति में कर्मचारी को अपने परिवार को छोड़कर दूसरे स्टेशन पर अपना कर्तव्य निभाना होगा। जो नर्सिंग कर्मचारी किसी स्टेशन पर लंबे समय से तैनात होते हैं, वे उस स्टेशन के इलाके से अच्छी तरह परिचित होते हैं। जिससे उन्हें नए स्थानांतरित कर्मचारी की तुलना में अपने कर्तव्यों का अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन करने में मदद मिलती है।

नर्सिंग कार्डर का काम चौबीसों घंटे सातों दिन का होता है। उन्हें काम के घंटों के बाद भी किसी भी आपातकालीन कॉल के लिए तैयार रहना पड़ता है, जो एक महिला कर्मचारी के लिए निभाना बहुत मुश्किल होगा। अगर उनका तबादला उनके परिवार से दूर किसी स्टेशन पर हो जाता है तो उन्हें अकेले रहना पड़ेगा। मांग पत्र में यह भी कहा गया कि नर्सिंग विभाग के कर्मचारियों के तबादलों से उनके बच्चों के भविष्य पर गहरा असर पड़ेगा। इसलिए निवेदन है कि नर्सिंग कैडर की स्थानांतरण नीति के कार्यान्वयन से छूट दी जाए।

# प्रदेश में एक साल में 5877 एचआईवी पॉजिटिव मिले

## 613 गर्भवती महिलाएं भी मिली एचआईवी पॉजिटिव



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 19 फरवरी।** हरियाणा में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच 12,40,205 लोगों की एचआईवी जांच की गई, जिनमें से 5,877 व्यक्ति एचआईवी पॉजिटिव पाए गए।

स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने गुरुवार को जारी जानकारी में कहा कि राज्य में वर्तमान में 104 एकीकृत परामर्श एवं जांच केंद्र संचालित हैं, जिनमें फरीदाबाद में एक मोबाइल इकाई भी शामिल है। इन सभी केंद्रों पर निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। डॉ.मिश्रा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक बिना किसी भेदभाव के जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

इस वित्त वर्ष में राज्य ने मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उपलब्धि हासिल की है। पांच लाख 65 हजार 830 गर्भवती महिलाओं की एचआईवी जांच की गई, जिनमें से 613 महिलाएं एचआईवी पॉजिटिव पाई गईं और उन्हें समय पर उपचार से जोड़ा गया, जो एचआईवी/एड्स के ऊर्ध्वाधर संचरण के उन्मूलन में मदद करता है।

उपचार सुविधाओं के विस्तार के तहत राज्य में 24 एंटी-रेट्रोवायरल थेरेपी केंद्र रोहतक, गुरुग्राम, फरीदाबाद, करनाल, हिसार, अंबाला और मेवात सहित प्रमुख जिलों में संचालित हैं। इनमें से 13 नए केंद्र मेडिकल कॉलेजों में स्थापित किए गए हैं, जिससे मरीजों को उन्नत उपचार सुविधाएं अपने निकट ही उपलब्ध हो रही हैं और उन्हें लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ रही। इसके अतिरिक्त 5 फैसिलिटी इंटीग्रेटेड एआरटी केंद्र तथा 4 लिंक एआरटी केंद्र भी कार्यरत हैं। वर्तमान में राज्य भर में कुल 40,851 मरीज उपचार प्राप्त कर रहे हैं।

राज्य सरकार ने दिसंबर 2021 में मासिक वित्तीय सहायता योजना शुरू की थी, जिसके तहत पात्र लाभार्थियों को 2,250 रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जाते हैं। अब तक इस योजना के अंतर्गत 54.3 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं।

## एनसीएलटी और कोर्ट आदेशों का अवश्य करें रजिस्ट्रेशन: डा. सुमिता मिश्रा

**चंडीगढ़, 19 फरवरी।** हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वितायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने राज्य के मण्डलायुक्त और उपायुक्तों को निर्देश दिये है कि वे नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल और न्यायालय के आदेशों का तय कानूनी नियमों के अनुसार रजिस्ट्रेशन अवश्य सुनिश्चित करें।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि मुख्य राजस्व अधिकारी, सब-रजिस्ट्रार और संयुक्त सब-रजिस्ट्रार को नेशनल कम्पनी ट्रिब्यूनल और कोर्ट के आदेशों के रजिस्ट्रेशन के संबंध में 13 नवंबर, 2013 को पहले के जारी निर्देशों और 22 नवंबर 2017 की अधिसूचना का पालन करना हैं।

उन्होंने बताया कि नेशनल कम्पनी ट्रिब्यूनल के आदेशों से जुड़े मामलों में इंडियन स्टैम्प एक्ट, 1899 के शेड्यूल 1-ए के आर्टिकल 23-ए के तहत 1.5 प्रतिशत की दर से स्टैम्प ड्यूटी लगती है, जिसकी ज्यादा से ज्यादा लिमिट 7.5 करोड़ रुपये है। इसी तरह नॉन-बोनाफाइड कोर्ट के आदेश भी इसी नियम के तहत आते हैं। इन कानूनी नियमों का पालन करके राज्य के खजाने पर स्टैम्प ड्यूटी राजस्व बढाया जाना है।

डॉ. मिश्रा ने इस बात पर बल दिया कि इंडियन स्टैम्प एक्ट के नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए और ऐसे मामलों में बिना किसी छूट के सही स्टैम्प ड्यूटी का आंकलन और रजिस्ट्रेशन किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अचल संपत्ति के ट्रांसफर से जुड़े कई मामलों में न्यायालय द्वारा जारी स्टे ऑर्डर सब-रजिस्ट्रार के ऑफिस में पहुंचने पर जमाबंदी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह चूक न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन है। इसलिए, सर्कल राजस्व अधिकारी को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है कि किसी भी न्यायालय से मिला कोई भी स्टे ऑर्डर तुरंत रेवेन्यू रिकॉर्ड में दिखाई दे। वित्तायुक्त राजस्व ने सभी उपमण्डलायुक्तों और उपायुक्तों से कहा है कि वे अपने अधीन सभी संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देश दें कि वे इन आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इन मामलों में कोई भी चूक होने पर दोषी अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाई अमल में लाई जाएगी।

# डीसी रेट कर्मचारियों को एचकेआरएन में भेजने के विरोध में बिजली निगम कर्मियों का प्रदर्शन

- 18 साल से सीधे रोल पर काम कर रहे कर्मचारियों को पोर्ट करने के दबाव का आरोप, 2 घंटे किया रोष प्रदर्शन

पंचकूला ऑब्जर्वर

**घरौंडा, 19 फरवरी।** घरौंडा में बिजली निगम के कर्मचारियों ने केंद्रीय परिषद से संबंधित एचएसईबी वर्कर यूनियन के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि निगम प्रशासन करीब 18 साल से कार्यरत डीसी रेट कर्मचारियों को एचकेआरएन पोर्टल पर स्थानांतरित करने के लिए दबाव बना रहा है। इसी के विरोध में करनाल सर्कल की सभी सब यूनिटों में 2 घंटे का प्रदर्शन किया गया।

यूनिट प्रधान विनोद जिंदल ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 17 फरवरी को पंचकूला में केंद्रीय परिषद की वार्ता समिति की बैठक हुई थी। बैठक में सर्वसम्मति से कर्मचारी विरोधी नीति का विरोध करने का निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार उत्तर हरियाणा के सभी सर्किलों और दक्षिण हरियाणा में जींद सर्कल सहित 19 फरवरी से 23 फरवरी तक सब यूनिट स्तर पर 2 घंटे का विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं 24 फरवरी को यूनिट स्तर पर भी 2 घंटे का विरोध किया जाएगा।

कर्मचारियों का कहना है कि अभी डीसी रेट कर्मचारी निगम के सीधे रोल पर कार्यरत हैं। प्रशासन उन्हें अस्थायी आईडी बनाने के नाम पर एचकेआरएन में भेजना चाहता है, ताकि समान काम समान वेतन और भत्तों का लाभ न देना पड़े। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को समान काम के लिए समान वेतन और भत्ते देने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद सरकार और निगम प्रशासन जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रहा है।

धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट सिटी से इंद्रजीत प्रधान ने की। मंच संचालन सब अर्बन प्रधान प्रदीप कुमार ने किया। सेंट्रल कमेटी से डीसीओ वरिष्ठ नेता श्री देवेंद्र कुमार शर्मा ने कर्मचारियों को विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नरेश शर्मा कैशियर, राजेश कुमार, गुरदेव, संदीप शर्मा एएफएम, बलकार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला महाविद्यालय में लगाया एनएसएस का विशेष शिविर

**हांसी।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने स्वस्थ युवा व सशक्त राष्ट्र विषय पर एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस गीत के साथ किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं के लिए योग सत्र आयोजित किया गया। जिसमें शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर बल दिया गया। योग प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया, जिससे छात्राओं ने तन और मन की सुदृढ़ता का अनुभव किया। योग सत्र के उपरांत स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान छात्राओं ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया व परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। एक दिवसीय शिविर में मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका सिमरन ने मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्राओं को तनाव के कारणों, उसके दुष्प्रभावों व उससे निपटने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी।

## संगीतमय फव्वारों व रंगीन लाइटों ने जीता लोगों का मन

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पिहोवा, 19 फरवरी।** मनचाही वस्तु मिलने से खुशी होने की तरह पिहोवा के लोगो को भी एक बहुत खुशी प्राप्त हुई है। लोगों को मनोरंजन का साधन व स्वस्थ शरीर के लिए सैर करने का स्थान मिला है । इस स्थान को मिलने से लोगों में भारी खुशी व्याप्त है। पिहोवा में सरकार द्वारा बनाया गया ब्रह्मयोनि रोड पर पृथू पार्क काफी समय से केवल नाम मात्र का पार्क था । पार्क उजाड़ व गंदगी का स्थान बना हुआ था। पार्क के इस दुर्दशा को देखकर पार्षद जयपाल कौशिक ने पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि से मिलकर पार्क के लिए अनुदान लिया तथा इसके साथ ही उन्होंने पृथू वेलफेयर सोसाइटी का गठन करके युवाओं को साथ जोड़ा। प्रधान रोहित शर्मा योगेश लकी पूर्व पार्षद मुकट बिहारी की टीम ने इस पार्क की सुध ली। पार्क में साफ सफाई कराई गई तथा अपने ही खर्च पर दर्जनों पेड़ पौधे लगाए । रोशनी का प्रबंध किया। इतना ही नहीं टूटे-फूटे पुराने शौचालय को ठीक कराया। पार्क में सुधार होने के कारण लोगों ने भी सुबह के समय सैर करने के लिए पार्क में आना शुरू कर दिया। यहां पर पार्षद जयपाल कौशिक योगेश लकी ने झूलो को भी लगवाया। जिस कारण बच्चों की किलकारियां भी यहां पर गूंजने लगी। बिजली का प्रबंध कराया गया जिससे पार्क में सुबह-शाम आने वालों की संख्या में भारी वृद्धि हुई।इसके बाद पार्क में पालिका के सहयोग से सेल्फी प्वाइंट तथा लोगों के बैठने के बैंचों की व्यवस्था की गई।

## ट्रक लूटने के मामले में चार दोषियों को कारावास और जुर्माना की सजा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कैथल, 19 फरवरी।** चावल से भरा ट्रक लूटने के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए चार दोषियों को कठोर सजा सुनाई है। एडीजे डॉ. नंदिता कौशिक की अदालत ने मामले में गुरुग्राम निवासी सतबीर को 3 साल कैद 25 हजार रुपए जुर्माना, चीका निवासी अजय को 4 साल कैद व 25 हजार जुर्माना, खेड़ी गुजरान पंजाब निवासी संजीव को 3 साल कैद व 50 हजार रुपए जुर्माना तथा अर्जुन नगर कैथल निवासी धर्मबीर को 7 वर्ष के कारावास व 75 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर सभी दोषियों को 1-1 वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। डीएसपी बीर भान ने बताया की सुलेहड़ा जिला जींद निवासी चालक कुलदीप गांव कालवन निवासी प्रेम के ट्रक नंबर एचआर56-8144 पर चालक के रूप में कार्यरत था। 5 दिसंबर 2018 की शाम वह टोहाना स्थित जय हनुमान ट्रेडिंग कंपनी से चावल लोड कर बदौली साहा के लिए रवाना हुआ था। रात करीब 11ः30 बजे जब ट्रक क्योडक़ से आगे पहुंचा तो पीछे से आई एक कार में सवार व्यक्तियों ने ट्रक को ओवरटेक कर रुकवा लिया। आरोपियों ने चालक कुलदीप और परिचालक विक्रम कालवन को पिस्तौल की नोक पर काबू करते हुए मारपीट की तथा दोनों को जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर चावल से भरा ट्रक लूट लिया। आरोपियों ने दोनों के मोबाइल फोन और 15,700 रुपये नकदी भी छीन ली तथा हाथ बांधकर उन्हें जंगल में फेंककर फरार हो गए। इस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी व वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर सभी आरोपियों को

# कुलदीप यादव बने बिजली निगम के एक्सईन, परिवार में खुशी की लहर

पंचकूला ऑब्जर्वर

**फरीदाबाद, 19 फरवरी।** विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन एवं प्रमुख समाजसेवी धर्मपाल यादव के बड़े बेटे कुलदीप यादव को बिजली निगम में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है । उन्हें दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में एक्सईएन के पद पर पदोन्नत किया है।

वर्तमान में वे सेक्टर- 6 फरीदाबाद में एसडीओ के पद पर कार्यरत थे। विभाग में इनकी पहचान एक कुशल एवं ईमानदार इंजीनियर के रूप में रही हैं।

धर्मपाल यादव का परिवार बल्लभगढ़ का एक पुराना और सम्मानित राजनीतिक परिवार रहा है। यह परिवार लंबे समय से राव बिहारी (यादव ऑयल मिल ) वाले के नाम से जाना जाता रहा है। सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में इस परिवार की प्रदेश की सेवा कर चुके हैं।



धर्मपाल यादव के दो अन्य बेटे दीपक यादव और शम्मी यादव भी शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं और समाज में सकारात्मक योगदान दे रहे हैं। पारिवारिक संस्कार और शिक्षा के प्रति समर्पण ने इस परिवार को विशेष पहचान दिलाई है।

कुलदीप यादव का विवाह रेवाड़ी के पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास की सुपुत्री से हुआ है, जिससे प्रतिष्ठित परिवारों का संबंध और मजबूत हुआ है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों, मित्रों और शुभचिंतकों ने कुलदीप यादव को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। यह न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। एक्सईन बनने के बाद उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

**नूंह जिले का सौंपा दायित्व:** बिजली निगम ने पदोन्नत एक्सईन को नूंह जिले के जिम्मा सौंपा है। पदभार ग्रहण करने पर उनका कर्मचारी, व्यापारी व सामाजिक संगठनों ने फूलमाला व गुलदस्ता देकर स्वागत किया है।

# करनाल में मिट्टी धंसने से दो श्रमिक दबे, हुई मौत

पंचकूला ऑब्जर्वर

**करनाल, 19 फरवरी।** जिले के तरावड़ी के सौंकड़ा गांव के पास नहर किनारे सड़क पर पाइपलाइन बिछाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। रजबाहे के लिए चल रहे काम में खुदाई के लिए बनाए गए गहरे गड्ढे की मिट्टी अचानक धंस गई।

गड्ढे में काम कर रहे दो श्रमिकों मिट्टी में दब गए, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। डेरे की ओर जाने वाली सड़क पर चल रहा था काम हादसे में जान गंवाने वालों में गांव सांभली का रहने वाला 42 वर्षीय रामपाल और भिवानी क्षेत्र का 40 वर्षीय आसाराम शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, नहर के साथ डेरे की ओर जाने वाली सड़क पर रजबाहे के लिए पाइप लाइन बिछाने



का कार्य ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा था।

इसी दौरान दो थे। दूर गहरे गड्ढे में उतरकर पाइपलाइन से जुड़ा काम कर रहे अचानक ऊपर से मिट्टी भरभराकर गड्ढे में गिर पड़ी और दोनों मजदूर उसमें दब गए। साथियों ने बचाने की कोशिश की हादसा होते ही मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों और कर्मचारियों ने दोनों को बाहर निकालने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद मिट्टी हटाई गई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दोनों मजदूरों की सांसें थम चुकी थी। हादसे के बाद परिजन व पलिस मौके पर पहुंचे। पलिस ने दोनों के शवों कोथी। दोनों मजदूरों की सांसें थम चुकी थी। हादसे के बाद परिजन व पुलिस मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल भेज दिया। सुरक्षा प्रबंधों पर सवाल, जांच में जुटी पुलिस हादसे के बाद निर्माण स्थल पर सुरक्षा इंतजामों को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। गहरे गड्ढों में काम से पहले सपोर्ट सिस्टम और अन्य सुरक्षा उपाय किए गए थे या नहीं, इसकी जांच पुलिस कर रही है।

जांच अधिकारी कर्मबीर ने बताया कि शुरुआती जानकारी में पाइप लाइन बिछाने के दौरान गड्ढे की मिट्टी धंसने से हादसा सामने आया है। वीरवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

# क्रिप्टो करेंसी निवेश के नाम पर की गई 23 लाख रुपये की साइबर ठगी

## करनाल से चार आरोपी गिरफ्तार, महिला अपने आपको लिबरपूल का बताती थी

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और फर्जी वेबसाइट के जरिए रचा जाल

पंचकूला ऑब्जर्वर

**करनाल, 19 फरवरी।** सोनीपत में क्रिप्टो करेंसी निवेश के नाम पर की गई 23 लाख रुपये की साइबर ठगी का बड़ा खुलासा हुआ है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और फर्जी वेबसाइट के जरिए रचे गए इस जाल में पहले पीड़ित को भारी मुनाफे का सपना दिखाया गया।

फिर अलग-अलग बैंक खातों में मोटी रकम ट्रांसफर करवा ली गई। शिकायत सामने आते ही पुलिस ने तकनीकी जांच और ट्रांजेक्शन ट्रेल के आधार पर अंतर-राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया और करनाल से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। ठगी की गई राशि में से लाखों रुपये फ्रीज करवा



लिए गए हैं तथा आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सोनीपत पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त ममता सिंह आईपीएस, एडीजीपी के नेतृत्व तथा पुलिस उपायुक्त पश्चिम एवं साइबर कुशल पाल सिंह के मार्गदर्शन में थाना साइबर सोनीपत की टीम द्वारा की गई। साइबर थाना की टीम ने शिकायत मिलते ही तकनीकी साक्ष्य जुटाने शुरू किए और बैंक खातों की डिटेल खंगालते हुए आरोपियों तक पहुंच बनाई।टेलीग्राम कॉल से शुरू हुआ झांसा 24 नवम्बर 2025 को सेक्टर-12 निवासी रमेश लाल ने थाना साइबर सोनीपत में शिकायत दी कि 16 सितम्बर 2025 को उन्हें टेलीग्राम पर एक अज्ञात महिला का कॉल आया।

महिला ने स्वयं को श्रुति, लिवरपुल (यूके) बताया और क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर कम समय में कई गुना लाभ दिलाने का भरोसा दिया। बातचीत के बाद उसे व्हाट्सएप नंबर और एक निवेश लिंक भेजा गया। पहले लाभ दिखाया, फिर 23 लाख ऐंठे शुरुआत में शिकायतकर्ता से दो लाख रुपये निवेश करवाए गए और फर्जी प्लेटफॉर्म पर लाभ दर्शाकर उसका विश्वास जीता गया। इसके बाद 25 अक्टूबर से 19 नवम्बर 2025 के बीच आरटीजीएस, एनईएफटी और यूपीआई के माध्यम से स 23 लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातों में जमा करवा लिए गए। वेबसाइट पर करीब 2.33 करोड़ रुपये का मुनाफा दिखाया गया, लेकिन रकम निकालने के समय 19.85 लाख रुपये टैक्स के नाम पर जमा कराने की मांग की गई और भुगतान न करने पर खाता फ्रीज करने की धमकी दी गई। तब जाकर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। करनाल से चार आरोपी गिरफ्तार जांच के दौरान पुलिस ने करनाल से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें सोनू पुत्र जयभगवान, जो मूल रूप गिरफ्तार किया। इनमें सोनू पुत्र जयभगवान, जो मूल रूप से गांव बिचपड़ी जिला सोनीपत का निवासी है और वर्तमान में अशोक विहार मधुबन करनाल में रह रहा था, दिनेश पुत्र मामन राम निवासी मुबारकाबाद जिला करनाल, पप्पू पुत्र बीरा निवासी ऊंचा समाना जिला करनाल तथा रमेशचंद पुत्र रोशन लाल निवासी सेक्टर-4 करनाल शामिल हैं।

# संत बाबा नरैण सिंह मोनी जी की स्मृति में 17वें वार्षिक कबड्डी कप का भव्य आयोजन

पंचकूला ऑब्जर्वर

**टोहाना, 19 फरवरी।** गाँव ढेर में संत बाबा नरैण सिंह मोनी जी की पुण्य स्मृति में 17वें वार्षिक कबड्डी कप प्रतियोगिता का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। ग्रामीण परिवेश में आयोजित इस खेल महोत्सव में क्षेत्र सहित आसपास के जिलों से आई कबड्डी टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सांसद सुभाष बराला ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति अद्भुत ऊर्जा, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना देखने को मिल रही है, जो भविष्य के लिए अत्यंत शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति, ग्रामीण जीवनशैली और सामूहिकता की



पहचान हैं। यह खेल न केवल शारीरिक मजबूती प्रदान करता है, बल्कि टीम भावना, रणनीति और आत्मविश्वास को भी विकसित करता है।

उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को खेलों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि खेल उन्हें नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। सरकार द्वारा खेल ढांचे को मजबूत करने, ग्रामीण स्तर पर खेल सुविधाएं बढ़ाने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेल को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अपने करियर और व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम बनाएं।

सांसद सुभाष बराला ने सफल आयोजन के लिए समस्त आयोजक समिति, ग्राम पंचायत, सहयोगी संस्थाओं और ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि संत बाबा नरैण सिंह मोनी जी की स्मृति में आयोजित यह वार्षिक प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रही है, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और आपसी सद्भाव को भी सुदृढ़ कर रही है।



# मेरी पहचान कला से है, राजकुमार राव का ट्रोलर्स को जवाब, इसलिए बढ़ाया था वजन

## गांगुली की बायोपिक पर दी अपडेट

राजकुमार राव की गिनती इंडस्ट्री के वर्सेटाइल एक्टर्स में होती है। वो अपने किरदार के लिए कड़ी मेहनत करते हैं और उसी हिसाब से खुद में फिजिकली बदलाव भी लाते हैं। ऐसा वो 'ट्रैप' और 'बोस' जैसी फिल्मों के लिए भी कर चुके हैं। बीते दिनों एक्टर एक इवेंट में काफी साधारण लुक में नजर आए थे। चश्मा लगाए राजकुमार राव को देखकर कई यूजर्स ने उनके वजन को बढ़ा हुआ बताया था। तो वहीं कई ने कहा था कि वो बूढ़े होने लगे हैं। अब राजकुमार राव ने इशारों-इशारों में इन आलोचकों को जवाब दिया है। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने क्यों अपना वजन बढ़ाया था। वहीं राजकुमार राव ने सौरव गांगुली की बायोपिक पर भी बड़ी अपडेट साझा की है।

### इसलिए बढ़ाया था वजन

राजकुमार राव ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने एक लंबा-चौड़ा नोट लिखते हुए बताया कि उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'निकम' के लिए वजन बढ़ाया था। 'निकम' देश के मशहूर पब्लिक प्रॉसिक्यूटर और राजनेता उज्ज्वल निकम की बायोपिक है। साथ ही अपनी पोस्ट में राजकुमार राव ने ये भी बताया कि अब वो भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की बायोपिक पर काम शुरू करने वाले हैं। इसके लिए वो फिर से वजन घटाने पर काम शुरू करेंगे। इसके अलावा अपनी पोस्ट में राजकुमार राव ने अपनी उन फिल्मों का भी जिक्र किया, जिनके लिए उन्होंने कभी वजन घटाया, कभी बढ़ाया तो कभी अपने बालों के साथ प्रयोग किया।

### प्रोस्थेटिक का इस्तेमाल पसंद नहीं

अपनी पोस्ट की शुरुआत में राजकुमार ने लिखा, 'मेरी पहचान मेरी कला से है।' इसके बाद अभिनेता ने आगे लिखा, 'मैंने अपनी अगली बायोपिक निकम की शूटिंग अभी-अभी पूरी की है और हां, इसके लिए मुझे शारीरिक रूप से बदलाव करने पड़े, जो मुझे बहुत पसंद हैं। मैं प्रोस्थेटिक मेकअप का इस्तेमाल नहीं करता। जब तक कि मैं अपनी मेहनत से मनचाहा लुक हासिल कर सकूं, जैसा कि मैंने निकम में किया है। चाहे वह वजन बढ़ाना हो, बूढ़ा दिखना हो या अपने बालों को पतला करना हो, जिसका मेरे हेयर स्टाइलिस्ट ने सख्त विरोध किया था।' लोगों ने फिजिकल प्रयोग करने से मना किया था अभिनेता ने अपनी पोस्ट में आगे बताया कि सभी ने मुझे 'बोस' के लिए भी आधा गंजा न होने और इतना वजन न बढ़ाने के लिए कहा था। 'ट्रैप' के लिए खाना-पीना न छोड़ने और इतना वजन कम न करने या 'श्रीकांत' की शूटिंग के दौरान कैमरे बंद होने पर भी दृष्टिहीन व्यक्ति की तरह व्यवहार न करने की सलाह दी थी। 'निकम' के लिए मुझे लगभग 9-10 किलो वजन बढ़ाना पड़ा। किरदार के अनुरूप दिखने के लिए किसी भी तरह के ग्लैमरस मेकअप का इस्तेमाल नहीं कर रहा था। जब आप फिल्म देखेंगे तो आपको मेरी सारी मेहनत नजर आएगी।

### सौरव गांगुली की बायोपिक के लिए कम करेंगे वजन

आगे अपनी आगामी फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए अभिनेता ने कहा, 'अब बदलाव का दौर है। इन अतिरिक्त किलो को कम करने और गांगुली के अंदाज में ढलने का समय आ गया है। हमारे अपने दादा। मैं हमेशा आपको अपने काम से जोड़े रखने और आपका मनोरंजन करने के लिए पूरी मेहनत करूंगा।' भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की बायोपिक राजकुमार राव की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इसकी शूटिंग अगले महीने शुरू होने वाली है।





# आयशा शर्मा की क्रिएटिव यात्रा में नया मोड़ अब लेखिका बनीं

अभिनेत्री आयशा शर्मा अपनी रचनात्मक पहचान को एक नया आयाम दे रही हैं। अब वे पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के साथ बतौर लेखिका डेब्यू कर रही हैं। सोशल मीडिया पर अपनी दमदार मौजूदगी और एक गहराई से जुड़ी कम्युनिटी के लिए जानी जाने वाली आयशा शर्मा ने धीरे-धीरे अपनी एक अलग आवाज़ बनाई है, जो सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं है। इस किताब के जरिए वह अभिव्यक्ति का एक और रास्ता तलाश रही हैं—एक ऐसा रास्ता जो ठहराव, आत्मचिंतन और भावनात्मक ईमानदारी को जगह देता है। उनकी पहली किताब सौ छोटे-छोटे ध्यानपूर्ण विचारों का संग्रह है, जो ताकत, कोमलता और आत्म-प्रेम के इर्द-गिर्द बुना गया है। रोजमर्रा की भावनाओं से जुड़ी यह किताब खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो थकान, आत्म-संदेह और हर वक्त खुद को साबित करने के दबाव से जूझ रहे हैं। यह किताब हल देने का दावा नहीं करती, बल्कि एक ऐसा स्पेस बनाती है जहाँ पाठक खुद को पहचान सकें और एक सुकून भरी तसल्ली महसूस कर सकें। किताब के पीछे की भावना साझा करते हुए आयशा शर्मा कहती हैं, मेरा मानना है कि सही किताब आपको सही समय पर मिलती है। उम्मीद है यह किताब आपको तब मिले जब आपको इसकी सबसे ज्यादा जरूरत हो। और जब मिले, तो आपको ऐसा महसूस हो जैसे किसी ने चुपचाप आपको गले लगा लिया हो। मेरे पास सारे जवाब नहीं हैं, लेकिन अगर मेरी लिखी बातों में आपको लगे कि 'ये तो वही एहसास है जिसे मैं हमेशा महसूस करती थी, पर शब्द नहीं दे पाती थी, तो मेरे लिए वही काफी है। आयशा शर्मा के लिए लेखन उनकी डिजिटल मौजूदगी का स्वाभाविक विस्तार है, जहाँ आत्म-विकास, भावनात्मक संतुलन और अंदरूनी सफर जैसे विषय पहले से ही उनके दर्शकों से गहराई से जुड़ते हैं। यह नया अध्याय उनकी उस कोशिश को दर्शाता है जिसमें वह अभिनय, डिजिटल कहानी कहने और अब लेखन—तीनों के बीच सहजता से सफर करती हुई एक मुकम्मल क्रिएटिव पहचान गढ़ रही हैं।

# संजय लीला भंसाली ने 'जय सोमनाथ' के लिए केतन मेहता से मिलाया हाथ



संजय लीला भंसाली और केतन मेहता बॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर हैं। अब यह दोनों निर्देशक फिल्म 'जय सोमनाथ' के लिए साथ आए हैं। इस ऐतिहासिक कहानी के जरिए भारतीय संस्कृति और सभ्यता की अमूल्य विरासत बड़े पर्दे पर उतरेगी।

### केतन मेहता संभालेंगे निर्देशन की कमान

'जय सोमनाथ' फिल्म का निर्माण भंसाली प्रोडक्शंस और माया मूवीज (केतन मेहता की प्रोडक्शन कंपनी) के बैनर तले किया जा रहा है। वहीं केतन मेहता इस फिल्म के लेखन और निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। 'जय सोमनाथ' फिल्म 2027 में बड़े पर्दे पर दस्तक दे सकती है।

### फिल्म में क्या होगी कहानी

फिल्म 'जय सोमनाथ' की कहानी 1025-1026 ईस्वी के उस दौर में लेकर जाएगी। जब महमूद गजनी ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और उसे लूटा था। यह भारतीय इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो विनाश के बाद फिर से खड़े होने की ताकत को दिखाता है। सोमनाथ मंदिर की गौरव गाथा को इस फिल्म में दिखाया जाएगा।

### क्यों खास है संजय लीला भंसाली और केतन मेहता यह प्रोजेक्ट

फिल्म 'जय सोमनाथ' संजय लीला भंसाली और केतन मेहता के लिए एक खास प्रोजेक्ट्स है। दरअसल, दोनों ही फिल्ममेकर गुजरात से ताल्लुक रखते हैं। वह सोमनाथ मंदिर के महत्व को, उसके इतिहास को अच्छे से समझते हैं। साथ ही दोनों एक उम्दा फिल्ममेकर हैं तो इस कहानी में जान डालने का काम बखूबी कर सकते हैं। सिनेमैटिक नजरिए भी यह फिल्म दर्शकों को चौंका सकती है।



# महिला केंद्रित और क्वीर फिल्में बनाना चाहती हैं श्वेता त्रिपाठी

'मिर्जापुर' वेब सीरीज में गोलू का किरदार निभाकर सुर्खियां बटोरने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब प्रोड्यूसर बन गई हैं। उन्होंने महिला प्रधान कहानियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्माण क्षेत्र में कदम रखा है। उनका मानना है कि यह उनके लिए सही है, घर जैसा है और एक कलाकार के रूप में उनके व्यापक उद्देश्य का हिस्सा है। श्वेता बतौर प्रोड्यूसर अपनी पहली फिल्म की घोषणा भी कर चुकी हैं। इसके अलावा वो क्वीर फिल्मों पर भी ध्यान दे रही हैं।

### इस साल शुरू हो सकती है श्वेता के प्रोडक्शन की पहली फिल्म

श्वेता त्रिपाठी ने हाल ही में बतौर प्रोड्यूसर अपनी पहली क्वीर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' की घोषणा की है। इसमें तिलोत्तमा शोम मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म की शूटिंग इसी साल शुरू होने की उम्मीद है। इसके अलावा उन्होंने क्वीर नाटक 'कॉक' का भी निर्माण किया है, जिसे कई शहरों में काफी सराहना भी मिली है। क्वीर फिल्मों के निर्माण को लेकर श्वेता का कहना है कि मेरे लिए यह बहुत व्यक्तिगत मामला है। हमें खुद बदलाव का हिस्सा बनना होगा क्वीर फिल्मों व महिला केंद्रित फिल्मों को लेकर श्वेता ने कहा कि अगर हम किसी तरह का बदलाव देखना चाहते हैं, तो हमें खुद उसका हिस्सा बनना होगा। महिलाओं और क्वीर जीवन की कहानियां हमेशा से मौजूद रही हैं, लेकिन उन्हें हमेशा वह स्थान और सम्मान नहीं मिला जिसके वे हकदार हैं। अगर मुझे अब चुनने और फिल्में बनाने का सौभाग्य मिला है, तो मुझे इस बात का ध्यान रखना होगा कि मैं इसका उपयोग कैसे करती हूं। कभी-कभी ये कहानियां कोमल और रोजमर्रा की होती हैं। वे हमेशा खुद को जाहिर नहीं करतीं, लेकिन वे आपके साथ रह जाती हैं। मैं इसी तरह के काम से जुड़ना चाहती हूं। श्वेता चाहती हैं कि ये कहानियां मानवीय, त्रुटिपूर्ण और जानी-पहचानी सी लगें।


### मैं इसी रास्ते पर चलना चाहती हूं

अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि यही वह रास्ता है जिस पर मैं चलना चाहती हूं। महिलाओं द्वारा निर्देशित विषयों का समर्थन करना, समलैंगिक आवाजों को बढ़ावा देना और अपने फैसलों में ईमानदार रहना। यह सही लगता है और मुझे घर जैसा महसूस होता है। साथ ही एक कलाकार के रूप में यह मेरे लिए एक बड़े उद्देश्य का हिस्सा भी है। वर्कफ्रंट की बात करें तो श्वेता त्रिपाठी अब 'मिर्जापुर : द मूवी' में नजर आएंगी। वेब सीरीज के तीन सीजन आने के बाद अब मेकर्स मिर्जापुर पर एक फिल्म बना रहे हैं। यह फिल्म 4 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'धुरंधर' में रहमान डकैत की भूमिका को लेकर नागार्जुन ने तोड़ी चुप्पी

**आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से काफी चर्चा में है। अक्षय खन्ना ने रहमान डकैत के किरदार में इतना जबरदस्त अभिनय किया कि लोग सोशल मीडिया पर उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। हाल ही में एक अफवाह फैली थी कि यह रोल पहले नागार्जुन को ऑफर किया गया था।**



### नागार्जुन का बयान

नागार्जुन ने बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में साफ कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ। उन्होंने बताया, 'मुझे यह रोल कभी ऑफर नहीं किया गया। हालांकि, मुझे सच में अच्छा लगता अगर यह रोल मुझे मिलता।' इसके आगे नागार्जुन ने 'धुरंधर' को लेकर कहा, ''धुरंधर' बहुत शानदार फिल्म है। आदित्य धर का निर्देशन कमाल का है। मुझे उनकी पिछली फिल्म 'उरी' भी बहुत पसंद आई थी। फिल्म में सबके अभिनय बहुत अच्छे हैं, खासकर अक्षय खन्ना ने तो कमाल कर दिया। मैं सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।' इसी के साथ नागार्जुन ने 'धुरंधर 2' को लेकर अक्षय खन्ना को एक और बड़ी हिट की शुभकामनाएं दी है।

### नागार्जुन की फिल्में

नागार्जुन को आखिरी बार बॉलीवुड में 2022 की फिल्म 'ब्रह्मास्त्र : पार्ट वन- शिवा' में देखा गया था। इस फिल्म में उन्होंने रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ काम किया। उनकी अगली फिल्म 'संक्रांति' 15 जनवरी 2027 को रिलीज होने वाली है।

### किस फिल्म में नजर आएंगे अक्षय खन्ना

अक्षय खन्ना 19 मार्च 2026 को 'धुरंधर : द रिवेंज' (धुरंधर 2) में फिर से रहमान डकैत के रोल में नजर आ सकते हैं। इसके अलावा अक्षय फिल्म 'महाकाली' और 'इक्का' में नजर आएंगे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com